## खबर संक्षेप



### पति के वियोग में महिला ने कुएं में कूदकर दी जान

**सतना।** जिला अंतर्गत सभापुर थाना क्षेत्र के बिरसिंहपुर (वार्ड क्रमांक-9) में शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। यहाँ रहने वाली 40वर्षीय नीलू मिश्रा (पत्नी स्वर्गीय रविशंकर मिश्रा) ने अपने घर के पास स्थित एक गहरे कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतका समाजसेवी कमलेश मिश्रा की बहू थीं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सभापुर थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के मुताबिक,करीब 10 वर्ष पूर्व एक सड़क हादसे में नीलू के पति रविशंकर मिश्रा का निधन हो गया था। पति की मौत के बाद से ही वह गहरे मानसिक तनाव और अवसाद से गुजर रही थीं।पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। नोट में महिला ने अपनी मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया है। उन्होंने सुसाइड नोट में अपनी अंतिम इच्छा जताते हुए लिखा है कि उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अपने 12 वर्षीय मासूम बच्चे का ख्याल रखने की अपील भी की है। फिलहाल सभापुर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

### कांग्रेस का प्रदर्शन: किसानों की समस्याओं को लेकर सीएम और कृषि मंत्री का पुतला फूंका

**सतना।** किसानों की लंबित समस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी ने उग्र प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पांडेय ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 7-8 महीनों से किसानों की जायज मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। वर्तमान में किसान खाद की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं,जिससे उनकी फसलों पर संकट मंडरा रहा है। **'ई-टोकन प्रणाली' का विरोध और चेतावनी-** कांग्रेस ने सरकार द्वारा लागू की गई नई 'ई-टोकन प्रणाली' का कड़ा विरोध किया है। पार्टी का कहना है इस नई व्यवस्था के कारण किसानों को खाद हासिल करने में बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।सरकार इस जटिल व्यवस्था को तुरंत बंद करे और पुरानी व्यवस्था बहालकर सहजता से खाद उपलब्ध कराए। जिला अध्यक्ष ने साफ शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने खाद की किल्लत दूर नहीं की और ई-टोकन प्रणाली वापस नहीं ली,तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान नेता और कांग्रेस पदाधिकारी शामिल रहे।

### डीजल की बढ़ती कीमतों पर सरकार लगाए अंकुश : शर्मा

**सतना।** सतना मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद देश में डीजल की कीमतों में कमी नहीं होना अत्यंत चिंता जनक है। इसका सीधा प्रभाव ट्रांसपोर्ट उद्योग,किसानों एवं आम जनता पर पड़ रहा है। एसोसिएशन के महामंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि डीजल,टायर,स्पेयर पार्ट्स,इंजन ऑयल,बीमा एवं टोल टैक्स की लगातार बढ़ती लागत से छोटे एवं मध्यम ट्रांसपोर्टर गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। मालभाड़े में अपेक्षित वृद्धि न होने तथा संचालन लागत बढ़ने से वाहन मालिकों को बैंक ऋण की किस्तें चुकाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को प्रेषित पत्र के माध्यम से मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार के अनुरूप डीजल के दामों में शीघ्र कमी की जाए,कमर्शियल वाहन मालिकों के लिए विशेष आर्थिक राहत पैकेज घोषित किया जाए,वाहन ऋणों का पुनर्गठन किया जाए,टोल टैक्स में कम से कम तीन माह की राहत दी जाए तथा ई-चालान के दुरुपयोग एवं मनमानी वसूली पर प्रभावी रोक लगाई जाए। एसोसिएशन ने यह भी आग्रह किया है कि ट्रांसपोर्ट संगठनों के साथ नियमित संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए व्यवहारिक एवं दूरदर्शी नीति बनाई जाए,जिससे परिवहन उद्योग को मजबूती मिले और देश की आर्थिक गतिविधियों को गति मिल सके।

## कोठी क्षेत्र में तेंदुए का आतंक: बाड़े में घुसकर

# 3 भेड़ों को उतारा मौत के घाट, 4 घायल

कोठी क्षेत्र के गांवों में तेंदुए का खौफ लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार की देर रात मौहार गांव में एक खूंखार जंगली जानवर (तेंदुए) ने घर के सामने खेत में बने बाड़े में घुसकर भेड़-बकरियों पर जानलेवा हमला कर दिया।

**सतना।**

इस अचानक हुए हमले में 3 भेड़ों की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि 4 भेड़ें गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं,3 अन्य भेड़ें अभी भी लापता बताई जा रही हैं।इस घटना के बाद से पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

### रात 12 बजे बाड़े में घुसा जंगली जानवर

मिली जानकारी के अनुसार,मौहार गांव के निवासी और पशुपालक दीपेंद्र पाल ने अपने घर के सामने खेत में एक बाड़ा बना रखा है,जहां वे अपनी भेड़-बकरियों को बांधते थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे अचानक भेड़ों के तेज चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। जब दीपेंद्र पाल ने बाहर देखा,तो उन्हें तेंदुए जैसा एक जंगली जानवर भेड़ों के झुंड पर हमला करते दिखाई दिया। डर के मारे परिवार का कोई भी सदस्य रात में बाहर निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सका। सुबह जब पशुपालक बाड़े में पहुंचे,तो वहां का नजारा देखकर दंग रह गए। 3भेड़ें मृत पड़ी थीं,जबकि बाड़े से करीब 100मीटर दूर 4 भेड़ें लहुलुहान और घायल अवस्था में मिलीं। 3भेड़ें अब भी लापता हैं।इस हमले से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है।

### शिवसागर गांव में पहले भी कर चुका है हमला

कोठी क्षेत्र में तेंदुए के हमले की यह लगातार दूसरी वारदात है। इससे पहले बीते 9 जुलाई की रात को भी शिवसागर गांव में तेंदुए ने हमला कर 9 भेड़ों को मौत के घाट उतार दिया था। बताया जा रहा है कि मौहार गांव जंगल क्षेत्र से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। लगातार हो रहे वन्यजीवों के इन हमलों से ग्रामीणों में भारी आक्रोश और भय व्याप्त है।

### वन विभाग की टीम ने शुरू की जांच,मिले पगमार्क

ट्रेनी रेंजर पराग जैन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे वन अमले के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान (कॉम्बिंग) चलाया। जांच के दौरान



बाड़े के पास की गीली मिट्टी में वन्यजीव के पगमार्क (पैरों के निशान) मिले हैं,जो प्रथम दृष्टया तेंदुए के ही बताए जा रहे हैं। वन विभाग ने मामले की जांच शुरू कर क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी है।

### घायलों का इलाज जारी,मुआवजे की प्रक्रिया शुरू

घटना के बाद वन विभाग के पशु चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर गंभीर रूप से घायल भेड़ों का त्वरित उपचार शुरू किया। विभाग द्वारा घटना का पंचनामा तैयार कर लिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, नियमानुसार पीड़ित पशुपालक को हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने की कागजी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### ग्रामीणों ने की गश्त बढ़ाने और तेंदुआ पकड़ने की मांग

बढ़ते खतरे को देखते हुए ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर पकड़ने और क्षेत्र में नियमित रूप से वनकर्मियों की गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार हो रहे हमलों से पशुपालक और किसान खेतों में जाने से डर रहे हैं। वहीं,वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले अंधेरे में बाहर न निकलने और सतर्क रहने की सलाह दी है, साथ ही आश्वासन दिया है कि क्षेत्र में रात की गश्त और बढ़ा दी जाएगी।

# चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल मिलेगा संभागायुक्त से



**सतना।**

चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा की अध्यक्षता में चेम्बर भवन में एक आवश्यक बैठक मे यह निर्णय लिया गया कि शहर की मूलभूत सुविधाओ का पटरी में लाने और व्याप्त समस्याओ के प्रभावी समाधान के लिए चेम्बर प्रतिनिधि मण्डल संभागीय आयुक्त रीवा से मिलकर ज्ञापन सौपेगा। चेम्बर महामंत्री मनोज कटारे ने बताया कि 6 जुलाई को चेम्बर अध्यक्ष के नेतृत्व में चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल नगर निगम आयुक्त से मिला था और उन्हे शहर में व्याप्त समस्याओ से अवगत कराया था परन्तु नगर निगम आयुक्त के उदासीन रवैये के विरोध मे विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने एस.डी.एम. सतना को पूर्व सूचना देते हुए यह तय किया था कि 14 जुलाई को चेम्बर का प्रतिनिधि मण्डल एवं व्यापारी बन्धु नगर निगम परिषर में पहुंच कर नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपेगे। 14 जुलाई को शहर की मूलभूत सुविधाओ को पटरी में लाने एवं व्याप्त समस्याओ के ध्यानाकर्षण के लिए ज्ञापन देने के लिए चेम्बर प्रतिनिधि मण्डल जब आयुक्त नगर पालिक निगम के परिषर में पहुंचा तो प्रतिनिधि मण्डल को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा धक्का मुक्की और वाटर केनन का उपयोग किया गया जो कि अत्यंत खेद जनक है। निगमायुक्त द्वारा निगम की शक्तियो का दुरूपयोग करते हुए चेम्बर के पदाधिकारियो और व्यापारी बन्धुओ को विभिन्न तरीके से (नोटिस एवं फोन कॉल) प्रताड़ना दी जा रही है एवं नगर निगम सतना के आयुक्त ने बदले की भावना से प्रेरित होकर चेम्बर के पूर्व मंत्री हरिओम गुप्ता एवं सहयोजित सदस्य विपिन त्रिपाठी के खिलाफ कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक सतना को पत्र भी लिखा है। नगर निगम आयुक्त की इस तानाशाहीपूर्ण रवैये की चेम्बर कार्यकारिणी की मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यो ने एक मत से भत्र्सना की। गौरतलब है कि पूर्व में भी हमारे जनप्रतिनिधि सतना के महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा यह ध्यान में लाया गया था कि नगर निगम आयुक्त सतना के विकास से संबंधित कार्यो में सहयोग नही कर रहे है जिसके कारण शहर की स्थिति लगातार बिगड़ रही है। 14 जुलाई को जब प्रतिनिधि मण्डल नगर निगम परिषर में ज्ञापन देने पहुंचा था तब भी महापौर सतना ने अपने उद्बोधन में इस बात का उल्लेख किया था। नगर निगम आयुक्त के तानाशाहीपूर्ण रवैये,बदले की भावना से व्यापारियो को दी जा रही प्रताड़ना से अवगत कराने एवं 14 जुलाई को प्रतिनिधि मण्डल को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा धक्का मुक्की और वाटर केनन का उपयोग की जांच की मांग के साथ ज्ञापन सौपने के लिए चेम्बर ने संभागीय आयुक्त से मिलने का निर्णय लिया। इस मीटिंग में चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर वाधवानी,कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक जैन,महामंत्री मनोज कटारे,सह मंत्री हिमांशु अरोरा,कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल,कार्यकारिणी सदस्य विनोद गेलानी,कमलेश्वर अग्रवाल, संदीप गुप्ता,शुभनय जैन,रोहन ठक्कर,पियूष अग्रवाल,मनोज गुप्ता,चंद्रभान दासानी आदि उपस्थित रहे।



### प्रभारी मंत्री ने दी विकास की सौगात, नशामुक्ति के लिए युवाओं को दिलाई शपथ



**मैहर।** जिले में प्रभारी मंत्री राधा सिंह,विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी और कलेक्टर विदिशा मुखर्जी की मौजूदगी में विकास और जागरूकता से जुड़े दो बड़े कार्यक्रम आयोजित हुए।सीएसआर मद से निर्मित 6 नवीन आधुनिक आंगनवाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया,जिससे बच्चों व महिलाओं को बेहतर पोषण और शिक्षा मिलेगी। इसके साथ ही संदीपनी विद्यालय में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान के तहत छात्रों को जागरूक किया गया। प्रभारी मंत्री ने युवाओं से शिक्षा और सफलता का नशा करने का आह्वान करते हुए सभी को नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

## भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल में आयोजित किया गया 7 दिवसीय भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन शिविर

**सतना।** प्रिज्म सीमेंट कॉलोनी के भारतीय विद्या भवन प्रिज्म स्कूल में 7 दिवसीय ग्रीष्म कालीन भारतीय भाषा शिविर आयोजित किया गया था,इस शिविर मे स्कूल के कक्षा 6 से 8 तक के 45 बच्चों को मराठी भाषा सिखाई गई,इस शिविर का उद्देश्य अपने पड़ोसी राज्य के बारे में जानकारी हासिल करना,स्कूल में कई भाषाओं को सीखने को बढ़ावा देना,भारत की भाषाई विविधता के प्रति सम्मान की भावना को बढ़ावा देना,बातचीत और सुनने के कौशल को बेहतर बनाना,अनुभव-आधारित सीखने की सीबीएसई की पहलों में मदद करना,भारतीय सांकेतिक भाषा(आईएसएल) के बारे में जागरूकता बढ़ाना,अलग-अलग भाषा भाषी छात्रों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देनाभाषिक संप्रेषण का प्रचार-प्रसार करना कला एकीकरण को बढ़ावा देना। स्कूल के



शिक्षक प्रताप देशमुख और अभिजीत देशमुख ने बच्चो को मराठी वर्ण माला,मराठी बोलचाल,मराठी गीत,मराठी व्यंजन,महाराष्ट्र का इतिहास,महाराष्ट्र के प्रसिद्ध, मंदिरों,नदियों,पर्यटन स्थलों स्मारकों जिले,प्रसिद्ध व्यक्ति,मराठी तुकबंदी,शब्द अंत्याक्षरी से अवगत कराया। अंतिम दिन नावन्या (कक्षा 6) और गौरी सिंह (कक्षा 8) द्वारा मराठी गीत सुनाया गया। समापन की घड़ी में स्कूल प्राचार्य डॉ आर.गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में बच्चों को मराठी भाषा सीखने और बोलने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रोत्साहित किया। शिविर को उत्साह से संचालित करने के लिए स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ.मनीष कुमार सिन्हा ने प्राचार्य,शिक्षकद्वय एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की। प्रिज्म परिवार में सभी विद्वतजनों ने प्रसन्नता व्यक्त की। उपरोक्त विषय की जानकारी प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम सीएसआर एंड पीआर देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## रेलवे स्टेशन पर अव्यवस्था का बोलबाला: अफसरों की मिलीभगत से वेंडरों और ठेकेदारों की मनमानी, रेलवे को लाखों की चपत

**सतना।**

पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन पर इन दिनों रेल अफसरों की अनदेखी और कथित मिलीभगत के चलते भारी अव्यवस्था का माहौल है। स्टेशन पर एक तरफ जहां अवैध वेंडरों के आतंक से रेलवे को हर महीने लाखों रुपये के राजस्व की हानि हो रही है,वहीं दूसरी ओर यात्रियों की सुरक्षा भी दांव पर लगी है। हद तो तब हो गई जब स्टेशन परिसर के सर्कुलेटिंग एरिया में,आरपीएफ थाने की बाउंड्री से सटकर हजारों लीटर पानी की बोतलों का पूरा खेप (स्टॉक) खुलेआम डंप कर दिया गया है। नियमों के मुताबिक,पानी की सप्लाई करने वाली ठेका एजेंसी को अपना माल एक तय गोदाम में रखना



होता है।लेकिन मोटी रकम बचाने और अधिकारियों की शह पर एजेंसी ने खुले आसमान के नीचे ही ट्रक की ट्रक पानी की बोतलें उतार दी हैं। इस अवैध कब्जे की वजह से आरक्षण केंद्र (रिजर्वेशन काउंटर) के पास आने-जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब इस गंभीर लापरवाही को लेकर स्टेशन के कमर्शियल स्टेशन मैनेजर से संपर्क किया गया,तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि उन्हें सर्कुलेटिंग एरिया में इतने बड़े पैमाने पर पानी का स्टॉक रखे जाने की कोई जानकारी ही नहीं है। अब सवाल यह उठता है कि आरपीएफ थाने के ठीक बगल में हो रहे इस खेल से जिम्मेदार बेखबर कैसे हैं?

# एकेएस के सिविल इंजीनियरिंग विद्यार्थियों ने विंध्य प्राइड टाउनशिप में आधुनिक निर्माण प्रक्रियाओं का किया व्यावहारिक अध्ययन

**सतना।**


एकेएस विश्वविद्यालय,सतना के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा डिप्लोमा एवं बी.टेक.सिविल इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के लिए निर्माणाधीन विंध्य प्राइड टाउनशिप का शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक आवासीय टाउनशिप की योजना,निर्माण तकनीकों,परियोजना प्रबंधन तथा आधारभूत संरचना विकास की व्यावहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने भवन निर्माण की विभिन्न अवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करते हुए संरचनात्मक निर्माण,सड़क नेटवर्क,स्थल विन्यास, आवासीय भूखंड विकास,विला निर्माण,जल निकासी प्रणाली,भूमिगत उपयोगिता सेवाओं की योजना, हरित क्षेत्र विकास तथा आधुनिक निर्माण



तकनीकों का गहन अध्ययन किया।साथ ही गुणवत्ता नियंत्रण, सतत विकास,कार्यस्थल सुरक्षा मानकों तथा बड़े आवासीय परियोजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जुड़े तकनीकी पहलुओं की भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। परियोजना अधिकारी रोहित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को टाउनशिप की अवधारणा एवं निर्माण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए बताया कि परियोजना में आवासीय प्लॉट, आधुनिक विला, क्लब हाउस, स्विमिंग पूल,व्यायामशाला,जॉगिंग एवं साइकिल ट्रैक, बच्चों के खेल क्षेत्र, आकर्षक उद्यान,बैंक्वेट सुविधा, भूमिगत उपयोगिता सेवाएं तथा अत्याधुनिक सुरक्षा व्यवस्था विकसित की जा रही है। विद्यार्थियों ने साइट इंजीनियरों के साथ निर्माण सामग्री,गुणवत्ता आश्वासन,परियोजना प्रबंधन तथा कार्य निष्पादन से जुड़े विभिन्न तकनीकी विषयों पर संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।विद्यार्थियों ने भ्रमण को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताते हुए कहा कि इससे उन्हें आधुनिक निर्माण तकनीकों,टाउनशिप नियोजन तथा व्यावसायिक निर्माण प्रबंधन की व्यावहारिक समझ विकसित करने का उत्कृष्ट अवसर मिला। अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अधिष्ठाता प्रो. जी.के.प्रधान ने शैक्षणिक पहल की सराहना करते हुए औद्योगिक भ्रमण के सफल आयोजन पर सभी संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### सर्प के काटने से आठ वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत



**पन्ना।** जिले के शाहनगर नगर थाना अंतर्गत ग्राम खमतरा में एक 8 वर्ष के बालक को जहरीले सर्प ने काट लिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई तत्काल स्वास्थ्य केंद्र शाह नगर ले जाया गया डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया लेकिन इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई जानकारी के अनुसार खम तरा निवासी शिवम सिंह पिता यशवंत सिंह घर के सामने खेल रहा था इस दौरान सर्प ने काट लिया उक्त घटना से परिवार में मातम का माहौल कायम है पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। गौरतलब है कि वर्तमान समय में सर्प दंश की सबसे अधिक घटनाएं हो रही हैं।

### कार ने मारी टक्कर मोटर साइकिल चालक बुरी तरह घायल



**पन्ना।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत बृहस्पति कुंड मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल चालक को सामने से टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया तथा शरीर के अनेक अंगों में गंभीर चोटें आई हैं घटना की सूचना बृजपुर थाना पुलिस को दी गई पुलिस ने 108 एंबुलेंस भेजकर घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है घायल का नाम देवेंद्र सिंह यादव निवासी गहरा है कार का चालक वाहन छोड़कर भाग गया। अर्टिगा कार क्रमांक एमपी 35 सी ए 3126 है जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

### सैनिक की पुस्तैनी जमीन पर किया जा रहा है जबरदस्ती कब्जा न्याय की लगाई गुहार

**पन्ना।** उप तहसील बृजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दिया के कोठी टोला निवासी पूर्व सैनिक एवं सरपंच राम शिरोमणि लोधी पिता रामसनेही लोधी ने पुलिस अधीक्षक के नाम दिए गए आवेदन में बताया कि मेरी ग्राम कोठी टोला में पुश्तैनी जमीन है जिसका खसरा नंबर 164.187 है जो मेरी माता जी लल्ली बाई लोधी के नाम दर्ज है इसी खेत के अंदर खसरा नंबर 166 है जिसमें 16 सह खातेदार दर्ज है उक्त जमीन का सीमांकन कुछ समय पूर्व श्रीमती सविता पति राजू लोधी द्वारा करवाया गया था। जिसमें 16 जून को नायब तहसीलदार के आदेश अनुसार खसरा नंबर 166 पर लल्ली बाई लोधी पति राम सनेही का कब्जा पाया गया। आवेदक राम शिरोमणि ने उल्लेख किया कि हमारे द्वारा भी एसडीम राजस्व न्यायालय में सीमांकन के लिए आवेदन दिया गया है जो अभी प्रचलन में है तथा हमारे द्वारा स्थगन आदेश भी लिया गया है उसके बाद भी 16 जुलाई को श्रीमती सविता सिंगरौल सुशीला सिंगरौल राजू लोधी एवं अन्य लोगों के द्वारा हमारे खेत में बनी खकरी को तोड़ दिया गया। जिसका विरोध करने पर झूठे केस में फसाने की धमकी दी जा रही है सरपंच राम शिरोमणि ने कहा कि उक्त लोगों द्वारा यह कार्य कुछ विरोधियों के इशारे पर किया जा रहा है हमारे द्वारा मामले को लेकर थाना बृजपुर एवं पुलिस चौकी पहाड़ी खेड़ा में भी आवेदन दिया गया है इसलिए हमें न्याय दिलाया जाए।

### 11 वर्ष पूरे होने पर साईं रोटी कपड़ा बैंक ने जताया सभी सहयोगियों का आभार



**देवेन्द्रनगर।** समाजसेवियों के सहयोग से स्थापित साईं रोटी कपड़ा बैंक ने आज 18 जुलाई 2026 को अपनी सेवा के 11 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिए हैं। इस अवसर पर संस्था के संचालक मंडल विनोद गुप्ता, दिनेश गोस्वामी(पन्ना),सुरेन्द्र सोनी, कमलेश जैन, कमलेश तिवारी, संजय अग्रवाल (सतना) सफी मोहम्मद, एवं पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुसुमाकर श्रीमाली जी ने सभी सहयोगियों, दानदाताओं एवं शुभचिंतकों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में समाज के हजारों जरूरतमंद परिवारों तक कपड़े, जूते-चप्पल, बर्तन, खिलौने, खाद्य सामग्री तथा अन्य आवश्यक वस्तुएँ पहुँचाने में समाज के लोगों का अमूल्य सहयोग मिला है। इसी सहयोग के कारण संस्था निरंतर मानव सेवा के कार्य में आगे बढ़ रही है। विनोद गुप्ता ने वर्षा ऋतु को देखते हुए नागरिकों से विशेष अपील की कि बारिश के मौसम में कपड़े न भेजें, क्योंकि नमी के कारण कपड़े खराब होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि कृपया वर्षा समाप्त होने के बाद ही उपयोगी एवं साफ-सुथरे कपड़े संस्था को उपलब्ध कराएँ।

# श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन उमड़ा आस्था का सैलाब, पन्ना को बताया साक्षात वृंदावन

### पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज बोले जिस पर श्री जुगल किशोर सरकार की कृपा हो जाए, उसे और कुछ नहीं चाहिए





**पन्ना। श्री श्री 1008 श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम मंदिर, पन्ना में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दूसरे दिन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। परमपूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने अपने श्रीमुख से श्रीमद्भागवत कथा का अमृतमय रसपान कराते हुए हजारों श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति, धर्म, सेवा और समर्पण का संदेश दिया।**

कथा के दौरान पूरा मंदिर प्रांगण हरिनाम संकीर्तन, जयघोष और भक्ति की दिव्य धारा से गुंजायमान हो उठा। पूज्य श्री किशोर दास जी महाराज की पावन उपस्थिति में चल रहे इस दिव्य आयोजन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन कर कथा श्रवण का पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यह भव्य धार्मिक आयोजन पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में संपन्न हो रहा है। कथा के दौरान पूज्य श्री राजेंद्र दास जी महाराज ने श्री जुगल किशोर सरकार की दिव्य महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि पन्ना की भूमि कोई साधारण भूमि नहीं, बल्कि साक्षात वृंदावन है। उन्होंने कहा कि भगवान की कृपा जब किसी भक्त पर होती है तो उसका जीवन धन्य हो जाता है और उसे किसी अन्य उपलब्धि की आवश्यकता नहीं रह जाती। महाराज श्री ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के पूर्वज मुसाहिब जू देव को श्री जुगल किशोर सरकार की प्रत्यक्ष कृपा प्राप्त थी। वे मानसी भाव से कहीं भी बैठकर श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन कर लेते थे। उन्होंने एक दिव्य प्रसंग सुनाते हुए बताया कि एक बार श्री जुगल किशोर सरकार के वस्त्रों में आग लग गई। उसी समय मुसाहिब जू देव, जो उस समय कहीं अन्य स्थान पर थे, मानसी सेवा में भगवान का ध्यान कर रहे थे। भगवान के वस्त्रों में लगी आग को बुझाने का भाव आते ही उनके हाथ भी जल गए। यह घटना भक्त और भगवान के बीच आत्मिक एकत्व, अटूट प्रेम और मानसी सेवा की अद्भुत सिद्धि का प्रमाण है। महाराज श्री ने कहा कि उन्हीं के पुण्य संचय और भगवान की कृपा का प्रताप है कि आज बृजेंद्र प्रताप सिंह का परिवार भी श्री जुगल किशोर सरकार की सेवा का सौभाग्य प्राप्त कर रहा है। पूज्य महाराज ने कहा कि श्री जुगल किशोर सरकार स्वयं पन्ना में साक्षात विराजमान हैं। वे सप्तनिधि स्वरूप हैं और जिन पर उनकी कृपा हो जाती है, उसके जीवन में किसी वस्तु का अभाव नहीं रहता। उन्होंने कहा कि श्री जुगल किशोर सरकार का यह दिव्य विग्रह लगभग पाँच हजार वर्ष पूर्व भगवान श्रीकृष्ण के प्रपौत्र वज्रनाभ जी द्वारा निर्मित कराया गया था। समय के साथ यह विग्रह अलोप हो गया, किन्तु संत श्री हरिराम व्यास जी की कठोर तपस्या से पुनः प्रकट हुआ। यही कारण है कि श्री जुगल किशोर सरकार को हरिराम व्यास जी के प्रकट ठाकुर भी कहा जाता है। महाराज श्री ने कहा, ष्मैं पहले भी श्री जुगल किशोर सरकार के दर्शन करने आया था और आज भी दर्शन का सौभाग्य मिला। पहले सरकार कुछ उदास प्रतीत होते थे, लेकिन आज उनके श्रीविग्रह पर अद्भुत प्रसन्नता और खिली हुई मुस्कान दिखाई दे रही है। भगवान संतों के आगमन से अत्यंत प्रसन्न होते हैं। इसलिए पन्नावासियों को समय-समय पर संत-महात्माओं का आगमन कराते रहना चाहिए, जिससे श्री जुगल किशोर सरकार प्रसन्न रहें और उनकी महिमा देश-विदेश तक पहुँचे। उन्होंने श्रद्धालुओं से भावपूर्ण आग्रह करते हुए कहा, ष्पन्नावासियों को कभी यह नहीं सोचना चाहिए कि वे किसी साधारण नगर में रहते हैं। आप साक्षात वृंदावन में निवास कर रहे हैं। जैसे बुंदेलखंड की अयोध्या ओरछा है, उसी प्रकार बुंदेलखंड का वृंदावन पन्ना है। यहाँ संत श्री हरिराम व्यास जी के प्रकट ठाकुर श्री जुगल किशोर सरकार विराजमान हैं। महाराज श्री ने आगे कहा, ष्जैसे ओरछा में श्रीराम राजा सरकार विराजते हैं, वैसे ही पन्ना में श्री जुगल किशोर सरकार स्वयं विराजमान हैं। ओरछा बुंदेलखंड की अयोध्या है और पन्ना साक्षात वृंदावन। यह केवल मान्यता नहीं, बल्कि संतों और भक्तों की अनुभूति है।ष्पूज्य राजेंद्र दास जी ने कहा कि पन्ना वासियों को रोज जुगल किशोर हमारे ठाकुर गीता गाना चाहिए उन्होंने श्रद्धालुओं का आह्वान किया कि श्री जुगल किशोर सरकार की महिमा को घर-घर तक पहुँचाया जाए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश-विदेश से श्रद्धालु ओरछा में श्रीराम राजा सरकार के दर्शन के लिए पहुँचते हैं, उसी प्रकार पन्ना स्थित श्री जुगल किशोर सरकार सप्तनिधि धाम की महिमा भी जन-जन तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भक्त के मुख पर यह भाव होना चाहिए ओरछा जहाँ श्रीराम का निवास, पन्ना जहाँ श्री जुगल किशोर सरकार का साक्षात वृंदावन वास। कथा के समापन पर श्रद्धालुओं ने श्री जुगल किशोर सरकार के जयघोष के साथ भक्ति भाव से आरती में सहभागिता की। पूरे मंदिर परिसर में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अनुपम वातावरण बना रहा तथा हजारों श्रद्धालुओं ने कथा का अमृतपान कर स्वयं को धन्य महसूस किया।

## कलेक्टर के आदेशों की गुनौर में उड़ रही धज्जियां सड़कों पर डेरा जमाए बैठे गौवंश; हो रहे हादसे



**गुनौर।** पन्ना जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और निराश्रित गौवंश की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ऊषा परमार द्वारा जारी किए गए सख्त आदेशों का असर गुनौर में बेअसर नजर आ रहा है। कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर 15 जुलाई से सड़कों पर पशुओं के विचरण व बैठने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है, लेकिन गुनौर नगर के मुख्य मार्गों व हाइवे पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रशासन के कड़े निर्देशों के बावजूद गुनौर की सड़कों पर गौवंश का जमावड़ा बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में गौशाला संचालित होने के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल पर इनका कोई प्रभाव नहीं दिखता। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ये गौशालाएं सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं, जिसके कारण लावारिस गौवंश चारा-पानी की तलाश में सड़कों पर बैठने को मजबूर है। सड़कों के बीचों-बीच बैठे गौवंश के कारण हर दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### गौशालाओं का जाल, फिर भी समस्या बरकरार

जिले में कुल 47 गौशालाएं संचालित हो रही हैं, जिनमें ग्राम पंचायतों व स्वसहायता समूहों द्वारा 41 गौशालाओं का संचालन किया जा रहा है। इतनी बड़ी संख्या में गौशालाएं होने के बावजूद गुनौर की सड़कों पर खुलेआम घूमते पशु प्रशासन के दावों की पोल खोल रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि क्या प्रशासन केवल कागजी आदेश जारी करके अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेगा या वास्तव में गुनौर की सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए ठोस कदम उठाएगा? नगर के जागरूक नागरिक अब जल्द ही इस पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कार्रवाई की चेतावनी, फिर भी उदासीनता-

जिला मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यदि एक सप्ताह के भीतर सड़क पर घूमने वाले पशुओं को गौशालाओं में नहीं रखा गया, तो संबंधित अधिकारियों व पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय जांच के साथ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पशुपालकों पर भी अर्थदंड लगाने के आदेश हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन इस पर अमल करने में सुस्त नजर आ रहा है।

## नन्ही पवई से जनकपुर बागरन टोला पहुंची भगवान जगन्नाथ स्वामी की बारात, श्रद्धालुओं ने रंगोली और मंगल कलश से किया भव्य स्वागत



**पवई।** ऐतिहासिक जगदीश स्वामी मंदिर से निकली भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के द्वितीय दिवस शुक्रवार शाम नन्ही पवई में रात्रि विश्राम के बाद भगवान जगन्नाथ स्वामी की बारात जनकपुर (बागरन टोला) के लिए रवाना हुई। बारात प्रारंभ होने से पहले गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने भगवान की आरती उतारी। इस दौरान पुलिस बल ने परंपरा के अनुसार भगवान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धा और सम्मान प्रकट किया। ढोल-नगाड़ों, शंखध्वनि और ष्जय जगन्नाथष के जयघोष के बीच निकली बारात सलेहा रोड, पटेल मोहल्ला और नगायच मोहल्ला से होती हुई जनकपुर (बागरन टोला) पहुंची। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया। महिलाओं ने मंगल कलश सजाकर एवं आकर्षक रंगोलियां बनाकर बारात की अगवानी की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जनकपुर (बागरन टोला) स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में भगवान जगन्नाथ स्वामी का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान के विवाह संस्कार एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। देर रात तक भजन-कीर्तन और पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई।

### आज शाम जगदीश स्वामी मंदिर लौटेगी बारात-

रथयात्रा का समापन शनिवार शाम होगा। शाम 6 बजे भगवान जगन्नाथ स्वामी की बारात जनकपुर (बागरन टोला) से वापस जगदीश स्वामी मंदिर के लिए रवाना होगी। वापसी यात्रा करही चौराहा, मिलौनीगंज और बस स्टैंड मार्ग से होकर मंदिर पहुंचेगी। मंदिर परिसर में पुजारी अनूप अंशुल पाठक द्वारा अंतिम महाआरती संपन्न कराई जाएगी। इसके बाद भगवान का पुनः मंदिर में प्रवेश कराया जाएगा तथा बारात में शामिल श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया जाएगा। नगर में इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का विशेष वातावरण बना हुआ है।

## प्रधान अध्यापिका का बड़ा कारनामा, छात्रों के स्थानांतरण प्रमाण पत्र में लिख दिया चरित्रहीन







### स्थानांतरण प्रमाण पत्र में सुधार के बाद मेन्हा हाईस्कूल में संबंधित छात्रों का प्रवेश भी हो चुका है यानि की मिला एडमिशन, डी.पी.सी. सुश्री किरन कौशिक

पन्ना।

जिले के शिक्षा विभाग को शर्मसार करने वाला एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहाँ शाहनगर विकासखंड के मेन्हा संकुल के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला भोपार की प्रधानाध्यापक सत्या सिंह ने कक्षा 8वीं पास करने वाले दो छात्रों के स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट (टीसी) पर लाल स्याही से 'चरित्रहीन' एवं शासकीय रिकॉर्ड में छेड़खानी की गई लिखकर उनके भविष्य को संकट में डाल दिया है। हैरानी की बात यह है कि इस संबंध में फरवरी में ही ग्रामीणों के द्वारा कलेक्टर को आवेदन दिया गया था कि वहां की छात्रावास आश्रम प्रभारी एवं माध्यमिक शाला प्रभारी शिक्षका सत्या सिंह ने टीसी में चरित्रहीन लिखने की धमकी दी थी। आखिर उन्होंने जो कहा वह कर दिखाया, लेकिन शिक्षा विभाग ने समय रहते इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की थी। आमतौर पर विदाई के समय गुरु बच्चों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद देते हैं, लेकिन यहाँ हेडमास्टर ने सत्र 2025-26 में स्कूल से पास आउट हुए छात्रों के आचरण वाले कॉलम में पहले अच्छा नहीं था लिखा और फिर सबसे नीचे विशेष नोट वाले कॉलम में लाल पेन से गंभीर आरोप लगाते हुए लिख दिया कि चरित्रहीन सरकारी दस्तावेज के साथ छेड़खानी करना।ष इस विवादित लाल टिप्पणी के बाद से दोनों पीड़ति छात्र और उनके परिजन गहरे सदमे में हैं, क्योंकि ऐसी टीसी के कारण किसी भी अन्य स्कूल में बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए दाखिला मिलना नामुमकिन हो गया था। मामला तूल पकड़ने के बाद से ही दोषी प्रधानाध्यापक सत्या सिंह अपने दोनों मोबाइल नंबर बंद किए हैं। गौरतलब बात यह है कि यह मामला जैसे ही षिक्षा समिति पदेन अध्यक्ष जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव के संज्ञान में आया जिन्होंने संबंधित षिक्षक से बात की वहीं सानिांतरण प्रमाण पत्र में सुधार को लेकर कार्यवाही तय की गईं साथ ही षिक्षक के द्वारा माफी माने जाने की बात भी चर्चा बताई जा रही है। वहीं षिक्षक को नोटिस जारी करने की बात भी जिला पंचायत उपाध्यक्ष के द्वारा कहीं गई। चूंकि मामला कक्षा 8 से संबंधित बताया जा रहा है। जिसको लेकर सर्वषिक्षा अभियान जिला समन्वयक डी.पी.सी. पन्ना से बात की गई तो आपका कहना है कि संबंधित छात्रों को स्थानांरण प्रमाण पत्र की दूसरी कॉपी जारी की जा रही है। इस तरह से जहां अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के हस्ताक्षेप के बाद स्थानांतरण प्रंमाण पत्र में जो उल्लेखित किया गया चरित्र हीन का मामला अंततः लगा विराम। अब इसके पीछे क्या कारण थे यह तो जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा जांच के बाद भी स्पष्ट होगा आखिर षिक्षक जो भविष्य के निर्माण को लेकर जाने जाते है यहां षिक्षक की भूमिका छात्रों का भविष्य जहां कहीं न कहीं चरित्रहीन लिखकर आगे आने वाले भविष्य को ही संकट में




डाल दिया था। इससे साफ जाहिर होता है कि मामला अपने आप में षिक्षक व छात्रों के मध्य कहीं न कहीं गंभीर तो था ही। अब देखना यह है कि जिस तरह से सुधार के बाद जिम्मेदार अधिकारी मामले की पड़ताल करेंगे तो स्पष्ट रूप से सामने आयेगा क्या थी दास्ता। वहीं खबर लिखे जाने तक डी.पी.सी. पन्ना सुश्री किरण कौषिक ने बताया कि छात्रों को हाईस्कूल मेन्हा में एडमीषन के तौर पर प्रवेष भी दिलाया जा चुका है। इससे साफ जाहिर है कि स्थानांतरण प्रमाण पत्र में सुधार के बाद प्रवेष की प्रक्रिया हाईस्कूल मैन्हा में की जा चुकी है। जिम्मेदार अधिकारियों के प्रयास से हुआ संभव।

## झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले



**पन्ना।** विगत एक पखवाड़े से बारिश न होने के चलते जिले के किसानों की फैसले सूख रही थी जिसको लेकर किसान भारी चिंतित थे क्योंकि किसानों द्वारा पहले ही बारिश में उड़द सोयाबीन धान मक्का की फसलें वो दी थी लेकिन बारिश न होने से लगातार गर्मी बढ़ रही थी जिस फसले सूखने लगी थी मौसम बना तथा झमाझम बारिश प्रारंभ हो गई जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है क्योंकि उक्त पानी गिर जाने से फसलों के लिए यह अमृत के समान है किसानों द्वारा लगातार फसल उगाने में लागत लगाई जाती है लेकिन उसके बावजूद भी किसानों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिल पाता है सरकार द्वारा भी किसानों की फसल सही समय एवं सही दाम पर नहीं खरीदी जाती है वह भारी परेशान होते हैं फसल का समय निकल जाने के बाद व्यापारी एवं बिचौलियों द्वारा वही फसल चार गुने दाम पर बाजार में विक्रय की जाती है तथा उसका पूरा फायदा व्यापारी उठाते हैं।

**कार्यालय नगर परिषद् देवेन्द्रनगर, जिला पन्ना (म.प्र.)**

क्रमांक/1181/लो.नि.शा./ई-निविदा/2020 **ई-निविदा आमंत्रण सूचना** देवेन्द्रनगर दिनांक 17/07/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा आमंत्रण | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा क्रय करने की तिथि एवं अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UAD _521885_1 | CONST.OF SAMUDAIYAK BHAWAN WARD 1 JHRIYAN TEMPLE | Time: 3 Months PAC RS: 1159467 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 8696.00 | 17.07.2026 10:30 AM To 18.08.2026 05:30 PM |
| 2 | 2026_UAD _521924_1 | CONST OF CCROAD AND COVERD DRAIN WARD 6-7 FROM GUDYANA TO SULABH COMPLEX | Time: 3 Months PAC RS: 2688996 | Frist call | Tender Form: 5000.00 EMD: Rs. 20167.00 | 17.07.2026 10:30 To 18.08.2026 05:30 PM |
| 3 | 2026_UAD _521959_1 | Const of cc road and coverd drain from pump house to shriram ward 8 | Time: 1 Months PAC RS: 1053889 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 7904.00 | 17.07.2026 10:30 To 18.08.2026 05:30 PM |
| 4 | 2026_UAD _521980_1 | CONST OF CC ROAD AND COVERD DR-AIN WARD 7 FROM HOUSE OF SONU YADAV TO IMRAT DEEN AND INDRAJEET DWIVEDI TO GANGA KATEHA HOUSE | Time: 1 Months PAC RS: 512100 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 5121.00 | 17.07.2026 10:30 To 03.08.2026 05:30 PM |
| 5 | 2026_UAD _521948_1 | COST.OF CC ROAD AND COVERD DRAIN WARD 7 FROM SHRIPAD RAJAK TO PUMPHOUSE FROM | Time: 1 Months PAC RS: 433330 | Frist call | Tender Form: 2000.00 EMD: Rs. 4333.00 | 17.07.2026 10:30 To 03.08.2026 05:30 PM |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद देवेन्द्रनगर जिला-पन्ना (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप



### जिला जेल का औचक सुरक्षा ऑडिट, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व सुरक्षा व्यवस्था की हुई जांच

**छतरपुर।** महानिदेशक (डीजी) जेल के निर्देश पर प्रदेशभर में चल रहे सुरक्षा ऑडिट अभियान के तहत छतरपुर जिला जेल का सतना जेल अधीक्षक लीना कोष्टा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम तथा अन्य सुरक्षा संसाधनों की गहन जांच की गई और उनके सुचारू संचालन का परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि 1 जुलाई से 7 जुलाई तक प्रदेश की सभी जेलों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत यह निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा मानकों के पालन और व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया।

### नौगांव के शिवांग साहू ने नीट में किया शानदार प्रदर्शन



**नौगांव।** नौगांव के होनहार छात्र शिवांग साहू ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शिवांग ने 720 में से 651 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 1371 तथा ओबीसी श्रेणी में 438वीं रैंक हासिल की है। शिवांग साहू, रोहित साहू एवं श्रीमती रेनू साहू के सुपुत्र तथा महेश साहू के पौत्र हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता से परिवार में हर्ष का माहौल है। नगरवासियों ने भी शिवांग की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे नौगांव के लिए गौरव का क्षण बताया है।परिजनों के अनुसार शिवांग ने नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उनकी सफलता में परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिवांग की उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने शिवांग को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### ट्रेन से गिरा युवक, जिला अस्पताल में उपचार जारी

**गोटेगांव।** बेलखेड़ा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बेलहाई निवासी 30 वर्षीय श्यामलाल यादव, पिता धनीराम यादव, ट्रेन से यात्रा कर रहे थे।बताया जा रहा है कि स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही के दौरान धक्का लगने से वह ट्रेन से नीचे गिर गए, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी (रेलवे पुलिस) मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने जीआरपी की त्वरित एवं मानवीय कार्रवाई की सराहना की। फिलहाल युवक की हालत पर चिकित्सकों की निगरानी बनी हुई है।

वृद्धा की हत्या मामले में पीड़ितों ने एसपी को सौंपा आवेदन

# शेष आरोपियों के नाम एफआईआर में बढ़ाने की मांग

**छतरपुर।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुम्हार टौली निवासी पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर अपनी मां की हत्या के मामले में संलिप्त अन्य सह-आरोपियों के नाम एफआईआर में दर्ज करने के लिए गुहार लगाई है। पीड़ित राजेन्द्र प्रजापति पुत्र रघुनाथ प्रजापति ने शनिवार को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि 11 जुलाई 2026 की दोपहर करीब 1:30 बजे उनकी 55 वर्षीय मां श्रीमती हरकुंवर प्रजापति सिल्वर सिटी कॉलोनी जा रही थीं। इसी दौरान रास्ते में आरोपी बद्री प्रजापति, सोनू, रमेश, प्रदीप, विमला, रामकुंवर, रोशनी और रोहिणी प्रजापति ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। वृद्धा द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने लात-घूसों और लाठियों से उन पर बेरहमी से हमला कर दिया।

आरोपियों द्वारा की जा रही इस मारपीट की सूचना मिलने पर जब पीड़ित मौके पर पहुंचा, तो



आरोपी सोनू और बद्री ने उस पर भी पाइप से हमला कर दिया। बाद में गंभीर रूप से घायल वृद्धा को नौगांव अस्पताल से जिला चिकित्सालय छतरपुर रैफर किया गया, जहां इलाज के दौरान चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित का आरोप है कि नौगांव पुलिस ने इस संबंध में दर्ज अपराध में केवल कुछ ही लोगों के नाम लिखे हैं, जबकि मुख्य रूप से संलिप्त आरोपी रमेश प्रजापति, प्रदीप प्रजापति, श्रीमती विमला प्रजापति और रामकुंवर प्रजापति के नाम एफआईआर में शामिल नहीं किए गए हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि ये चारों आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उन्हें पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि नौगांव पुलिस को निर्देशित कर इन चारों आरोपियों के नाम भी एफआईआर में दर्ज किए जाएं और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## किसान 31 जुलाई तक कराएं खरीफ फसलों का बीमा, विपरीत मौसम से होने वाले नुकसान की मिलेगी सुरक्षा

### कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने दिए समय-सीमा में अधिकाधिक किसानों का फसल बीमा कराने के निर्देश

छतरपुर।

खरीफ मौसम 2026 में अनियमित मानसून, कम या अधिक वर्षा तथा अन्य प्रतिकूल मौसमीय परिस्थितियों से फसलों को होने वाले संभावित नुकसान से किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई 2026 तक फसल बीमा कराया जा सकता है। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से समय रहते अपनी फसलों का बीमा कराने की अपील की है।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में 16 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कृषि विभाग एवं फसल बीमा कंपनी के मैदानी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि इस वर्ष विशेष रूप से अऋणी किसानों को प्राथमिकता के आधार पर योजना की जानकारी देकर उनका फसल बीमा कराया जाए। साथ ही ऋणी किसानों की सूची तैयार कर बैंकों के माध्यम से भी निर्धारित समय-सीमा में बीमा सुनिश्चित किया जाए।

उप संचालक कृषि अनिल मिश्रा ने बताया कि खरीफ मौसम में जिले के लिए उड़द एवं मूंग संपूर्ण जिले में, तिल, मूंगफली एवं ज्वार तहसील स्तर पर तथा सोयाबीन, अरहर और धान पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित फसलें हैं।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि सोयाबीन 870 रुपये, उड़द 590 रुपये, मूंग 546 रुपये, तिल 504 रुपये, मूंगफली 888 रुपये, अरहर 638 रुपये, मक्का 760 रुपये, सिंचित धान 924 रुपये तथा असिंचित धान 610 रुपये निर्धारित की गई है।

किसान भूमि अभिलेख, बुवाई प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक खाते की जानकारी के साथ किसी भी सीएससी सेंटर, लोक सेवा केंद्र, कंप्यूटर कैफे या स्वयं ऑनलाइन प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि फसलों को प्राकृतिक आपदा, अल्पवर्षा या अतिवृष्टि से नुकसान होने पर तत्काल टोल फ्री नंबर 14447 पर सूचना दें तथा 72 घंटे के भीतर पंचनामा सहित संबंधित बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत करें। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने विकासखंड के कृषि विभाग, क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी अथवा बीमा कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क कर सकते हैं।

## ब्लैकमेलिंग कर ऑनलाइन ठगी करने वाले 5 हजार के 2 इनामी गिरफ्तार

छतरपुर।



थाना कोतवाली पुलिस ने साइबर ब्लैकमेलिंग और ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले में पांच-पांच हजार के दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इससे पहले पुलिस मुख्य आरोपी रनमत सिंह यादव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन मोबाइल फोन, सिम कार्ड और 1.50 लाख नकद जब्त कर चुकी थी। यह मामला वर्ष 2025 में एक युवती को फर्जी रील वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने और पैसों की मांग से जुड़ा है, जिस पर कोतवाली थाने में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बबलू उर्फ रामकुमार यादव निवासी ग्राम खौरियाना थाना कटेरा, जिला झांसी तथा सल्ला उर्फ रितिक यादव निवासी ग्राम खौरियाना थाना कटेरा, जिला झांसी को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जबकि मामले में शामिल एक अन्य इनामी आरोपी की तलाश जारी है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश सिंह, साइबर प्रभारी उपनिरीक्षक नेहा गुर्जर, थाना अलीपुरा प्रभारी उपनिरीक्षक जितेंद्र सोनी, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह जादौन तथा पुलिस और साइबर टीम के अन्य सदस्यों द्वारा की गई। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध और ब्लैकमेलिंग में शामिल आरोपियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

वेतन वृद्धि व अन्य मांगों को लेकर आशा कार्यकर्ताओं का हल्ला बोल

## अटल सभागार में धरने के बाद कलेक्ट्रेट तक निकाली रैली



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के अटल सभागार में शनिवार को आशा पर्यवेक्षक एवं आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी लंबित मांगों और वेतन वृद्धि को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय मजदूर संघ जिला इकाई छतरपुर के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में जुटी महिला कर्मचारियों ने पहले धरना प्रदर्शन कर अपनी आवाज बुलंद की और उसके बाद एकजुट होकर शहर की सड़कों पर एक विशाल रैली निकाली। गगनभेदी नारों के साथ निकाली गई यह रैली विभिन्न मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग है कि उनका मानदेय बढ़ाया जाए, नियमित कर्मचारियों की भांति उन्हें भी समस्त लाभ दिए जाएं तथा विभाग में काम करने के दौरान उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए।

सौंपे गए ज्ञापन में भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बुंदेला और जिला मंत्री डॉ. राजेंद्र सिंह ने प्रमुख मांगों को रेखांकित करते हुए बताया कि आशा एवं आशा शहरी कार्यकर्ताओं को देय 6,253 रुपये तथा आशा पर्यवेक्षकों को मिलने वाली 15,633 रुपये की प्रोत्साहन राशि में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक दर के अनुसार आज दिनांक तक वार्षिक वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया है। संगठन ने मांग की है कि इस विसंगति को दूर कर 1,000 रुपये प्रति वर्ष की दर से बढ़ाते हुए सितंबर 2023 से इसके संपूर्ण एरियर का भुगतान तत्काल सुनिश्चित कराया जाए। इसके अलावा, पूर्व में शासकीय कार्य हेतु प्रदान किए गए मोबाइल फोन के हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर खराब हो जाने या वर्तमान 5जी नेटवर्क पर काम न करने की वजह से सभी आशा कार्यकर्ताओं और पर्यवेक्षकों को जल्द से जल्द नए 5जी स्मार्टफोन उपलब्ध कराए जाएं। कार्यकर्ताओं ने यह मांग भी पुरजोर तरीके से उठाई कि उनकी प्रोत्साहन व अन्य राशि का मानदेय के रूप में प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अनिवार्य रूप से भुगतान किया जाए।

इसके साथ ही, ड्यूटी के दौरान 10 से 15 गांवों का व्यापक भ्रमण करने वाली आशा पर्यवेक्षकों के लिए 3,000 रुपये प्रति माह का परिवहन खर्च (कन्वेन्शन अलाउंस) देना तय किया जाए, ताकि वे सुचारू रूप से कार्य कर सकें। प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से पप्पी राजा बुंदेला, छाया तिवारी, पुष्पा पटेल, सुनीता तिवारी, साधना राजपूत, शीला अहिरवार, अर्चना पाठक, शशिप्रभा यादव, गायत्री पाठक, वंदना खरे, अनीता रैकवार, सविता यादव, पूजा अवस्थी और गीता अहिरवार सहित जिले भर की समस्त आशा कार्यकर्ता एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहीं। संघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी इन आवश्यक व जायज मांगों पर शीघ्र ही सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित निर्णय नहीं लिया गया, तो संगठन भविष्य में उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



## रेलवे ट्रैक किनारे अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे ट्रैक के पास एक अज्ञात महिला का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। शव मिलने की सूचना फैलते ही सीगोंन पुलिया और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही ईशानगर थाना पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर वैधानिक कार्यवाही शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह पूरी घटना ईशानगर थाना क्षेत्र की है। यहाँ स्थित रेलवे स्टेशन से करीब एक से डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर, सीगोंन पुलिया के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे एक अज्ञात महिला का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ देखा गया। राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों की नजर जब पटरी के पास पड़े शव पर पड़ी, तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दी।

### शव को संरक्षण में लेकर शिनाख्त की कोशिशें तेज

ईशानगर थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से मुआयना किया और उपस्थित लोगों से पूछताछ की। हालांकि, प्राथमिक तौर पर महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने संरक्षण में ले लिया है और उसे पोस्टमार्टम व पहचान के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अज्ञात महिला की शिनाख्त कराने के प्रयास बेहद तेज कर दिए गए हैं। इसके लिए आसपास के थानों और गांवों में महिला के हुलिए और कपड़ों के आधार पर जानकारी साझा की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की वास्तविक कड़ियों और मौत के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है।

प्रयागराज-यशवंतपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 5 अगस्त से चलेगी

# छतरपुर-खजुराहो समेत कई स्टेशनों को मिलेगा लाभ

छतरपुर।

**बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास और यहाँ के नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने एक बड़ा और सराहनीय कदम उठाया है। बेंगलुरु जैसे महानगरों में नौकरी, व्यवसाय और पढ़ाई के लिए रहने वाले बुंदेलखंड के प्रवासियों को त्योहारों और छुट्टियों के मौसम में अक्सर घर आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। सीधी ट्रेन कनेक्टिविटी न होने से यात्रियों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होते थे।**

इसी परेशानी को दूर करते हुए और बुंदेलखंड वासियों को एक बड़ी राहत देने के लिए उत्तर मध्य रेलवे ने प्रयागराज - यशवंतपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह स्पेशल ट्रेन छतरपुर, खजुराहो, टीकमगढ़ और ललितपुर समेत बुंदेलखंड के कई प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के लोगों के लिए दक्षिण भारत की राह बेहद आसान और सुलभ हो जाएगी। बेंगलुरु में नौकरी और पढ़ाई करने वाले बुंदेलखंड के



नागरिकों के लिए त्योहारों के इस मौसम में यह ट्रेन एक बेहतरीन सौगात साबित होगी। रेलवे द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, यह विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में कुल 8-8 फेरे लगाएगी और इसका संचालन पूरी तरह से आधुनिक इलेक्ट्रिक इंजन से किया जाएगा। शेड्यूल की बात करें तो ट्रेन संख्या 04149 आगामी 5 अगस्त से 23 सितंबर तक प्रत्येक बुधवार को प्रयागराज से शाम 6 बजे रवाना होगी, जो गुरुवार रात 1 बजकर 40 मिनिट पर खजुराहो, रात 3 बजकर 8 मिनिट पर छतरपुर, सुबह 4 बजकर 20 मिनिट पर टीकमगढ़ और सुबह 5 बजकर 28 मिनिट पर ललितपुर पहुंचेगी। इसके बाद यह बीना, रानी कमलापति (भोपाल), इटारसी, नागपुर और सिकंदराबाद होते हुए शुक्रवार रात 9 बजे यशवंतपुर पहुंचेगी। इस 2336 किलोमीटर की पूरी दूरी को 51 घंटे में तय किया जाएगा। वहीं वापसी के सफर में ट्रेन संख्या 04150 आगामी 8 अगस्त से 26 सितंबर तक प्रत्येक शनिवार को यशवंतपुर से सुबह 7 बजे प्रस्थान करेगी और रविवार शाम 6 बजकर 18 मिनिट पर ललितपुर, शाम 7 बजकर 10 मिनिट पर टीकमगढ़, रात 8 बजकर 30 मिनिट पर छतरपुर और रात 9 बजकर 20 मिनिट पर खजुराहो होते हुए सोमवार सुबह साढ़े 6 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। वापसी का यह सफर कुल 47 घंटे 30 मिनट में पूरा होगा।

यात्रियों की सुविधा के लिए इस स्पेशल ट्रेन में कुल 23 कोच शामिल किए गए हैं, जिसमें सेकेण्ड एसी का 01, थर्ड एसी के 02, स्लीपर के 11, जनरल के 07 और सामान व ब्रेक वैन के 2 कोच शामिल रहेंगे। यह ट्रेन अपने लंबे मार्ग में मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा, महोबा, बल्लारशाह, काजीपेट, रायचूर और गुंतकल जैसे कई अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी रुकेगी, जिसके लिए यात्री रेलवे काउंटर या आधिकारिक वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

### 2 क्विंटल कॉपर केबल और दो बाइक जब्त; चोरी का माल खरीदने वाला कबाड़ी भी बना आरोपी

# एशिया के सबसे बड़े सोलर पावर प्लांट में एक साल से चल रही कॉपर केबल चोरी का पर्दाफाश, 8 सदस्यीय गैंग गिरफ्तार

रीवा



जिले की गुढ़ थाना पुलिस ने बदवार स्थित एशिया के सबसे बड़े सोलर पावर प्लांट में पिछले एक वर्ष से लगातार हो रही कॉपर केबल चोरी की घटनाओं का बड़ा खुलासा करते हुए एक संगठित अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में सात शातिर चोरों और चोरी का माल खरीदकर बाजार में खपाने वाले एक कबाड़ी सहित कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से करीब दो क्विंटल कॉपर केबल, चोरी में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिलें और कुल लगभग 10 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह पिछले करीब एक वर्ष से सोलर प्लांट को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य की कॉपर केबल चोरी कर रहा था। लगातार हो रही चोरियों से प्लांट प्रबंधन और पुलिस दोनों के लिए यह चुनौती बन गया था। कई बार चोरी की घटनाएं सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों तक पहुंचने के लिए तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार निगरानी का सहारा लिया। आखिरकार पुलिस को गिरोह तक पहुंचने में सफलता मिली और पूरे नेटवर्क का खुलासा हो गया। बता दे पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव और उनकी टीम ने जिले में हाल के समय की चोरी के मामलों में सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। थाना प्रभारी पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि लंबे समय से चोरी करने वाला गिरोह सक्रिय है और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त भी तय तरीके से की जाती है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कई दिनों तक आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी और योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें रामसजीवन कोल उर्फ छोटू (20), निवासी रगनिया, थाना गुढ़, जिला रीवा। रवि कोल (26), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना।बविकास यादव (24), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना। राय आदिवासी (20), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना। छोटेलाल आदिवासी (30), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना। अंकित आदिवासी (18), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना। प्रदीप आदिवासी (23), निवासी नई बस्ती हिनौता, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना। बाबूलाल साहू (58), निवासी भैसा, थाना रामपुर बाघेलान, जिला सतना शामिल है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने करीब दो क्विंटल चोरी की कॉपर केबल बरामद की है, जिसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपये बताई गई है। इसके अलावा चोरी की घटनाओं में इस्तेमाल की गई दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं, जिनकी कीमत करीब पांच लाख रुपये आंकी गई है।पुलिस के अनुसार जब्त मशरूका की कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये है।

### एक वर्ष से पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था गिरोह

जानकारी के अनुसार बदवार स्थित सोलर पावर प्लांट में पिछले लगभग एक वर्ष से लगातार कॉपर केबल चोरी की घटनाएं हो रही थीं। हर घटना के बाद पुलिस अपराध दर्ज कर जांच करती रही, लेकिन आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर बने हुए थे। चोरी इतनी सुनियोजित तरीके से की जाती थी कि घटनास्थल पर बहुत कम सुराग मिलते थे। आरोपी रात के समय प्लांट परिसर में प्रवेश करते, बिजली आपूर्ति से जुड़े महंगे कॉपर केबल काटते और उन्हें वाहन अथवा मोटरसाइकिल के जरिए सुरक्षित स्थान तक पहुंचा देते थे। कॉपर केबल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंची कीमत होने के कारण आरोपी इन्हें कबाड़ियों के माध्यम से बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। चोरी की वजह से प्लांट प्रबंधन को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ उत्पादन व्यवस्था भी प्रभावित होती रही।

## गोविंदगढ़ नगर परिषद में करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला पहुंचा भोपाल, मंत्रालय ने अध्यक्ष और सीएमओ को किया तलब

**मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना में धांधली और तालाब सफाई के नाम पर 60 लाख के अपव्यय सहित 10 गंभीर आरोपों पर 21 जुलाई को वल्लभ भवन में होगी सुनवाई**

रीवा

जिले के अंतर्गत आने वाले नगर परिषद गोविंदगढ़ में कथित तौर पर हुए बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार का गंभीर मामला अब राजधानी भोपाल पहुंच चुका है।नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए नगर परिषद गोविंदगढ़ के अध्यक्ष अभिषेक सिंह और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कड़े तेवर के साथ भोपाल तलब किया है।दोनों ही जिम्मेदार पदाधिकारियों को आगामी 21 जुलाई 2026 को सुबह 11:00 बजे मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल में समस्त संबंधित मूल दस्तावेजों नस्तियों और अभिलेखों के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### शो-कॉज नोटिस के बाद कड़ा एक्शन

विभागीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इससे पूर्व 1 अप्रैल 2026 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा परिषद में व्याप्त वित्तीय विसंगतियों को लेकर एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।इस नोटिस के माध्यम से परिषद के वित्तीय लेखा जोखा और संदेहास्पद भुगतानों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था। संतोषजनक जवाब न मिलने और पार्षदों द्वारा लगाए गए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए अब मंत्रालय स्तर पर सीधी जांच और सुनवाई का निर्णय लिया गया है।इसी सिलसिले में 15 जुलाई 2026 को विभाग द्वारा पत्र जारी कर अध्यक्ष और सीएमओ को वल्लभ भवन तलब किया गया है।

### पार्षदों की शिकायत पर शुरू हुई थी जांच

इस पूरे मामले की शुरुआत गोविंदगढ़ नगर परिषद के ही पार्षदों द्वारा की गई शिकायतों से हुई थी। पार्षदों ने पूर्व में रीवा कलेक्टर से मिलकर नगर परिषद में चल रहे निर्माण कार्यों और शासकीय योजनाओं में बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार की लिखित शिकायत की थी और निष्पक्ष जांच की मांग की थी।कलेक्टर स्तर पर प्राथमिक जांच और रिपोर्ट तैयार होने के बाद यह संवेदनशील मामला नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय भोपाल के पास भेजा गया था।

## उप मुख्यमंत्री ने मार्तण्ड स्कूल तथा सेंट्रल लाइब्रेरी के निर्माण का लिया जायजा



**रीवा** । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय मार्तण्ड उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा कराने की हिदायत दी। निरीक्षण के समय पूर्व पार्षद सतीश सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, प्राचार्य सुदामालाल गुप्ता तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके बाद उप मुख्यमंत्री ने बैजूधर्मशाला के पास स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के नवीन भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि भवन का निर्माण कार्य पूरा करा कर 15 अगस्त तक लोकार्पण करायें। इसमें किताबों और पत्रपत्रिकाओं के पढ़ने की व्यवस्था के साथ ई-लाइवब्रेरी की व्यवस्था करें। अब सभी विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से जानकारियाँ प्राप्त करते हैं। ई-लाइवब्रेरी उपकरण तथा कम्प्यूइटर आपरेटर की 15 अगस्त तक व्यवस्था कर लें। निर्माण कार्य तय समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूरा करायें। उप मुख्यमंत्री ने सेंट्रल लाइब्रेरी में अध्ययनरत बच्चों से भी संवाद किया। निरीक्षण के समय पार्षद समीर शुक्ला, राजगोपाचारी मिश्रा, लोक निर्माण विभाग तथा हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सेंट्रल लाइब्रेरी के नवीन भवन का निर्माण पुर्नधनत्वीकरण योजना से 23 करोड़ 69 लाख रूपये की लागत से कराया जा रहा है। इसमें 160 सीटों में पठन-पाठन की व्यवस्था फर्निचर तथा अन्य उपकरण लगाये जायेंगे।

## सूने मकान पर चोरों का धावा: गणेश प्रतिमा, सोने-चांदी के आभूषण और नकदी ले उड़े, एक ही रात में तीन घरों के ताले तोड़े

**बिछिया थाना क्षेत्र के बड़ी जोरी गांव की घटना**

**रीवा**। जिले में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।मामला बिछिया थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ी जोरी का है, जहां अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, भगवान श्री गणेश की चांदी की प्रतिमा, पूजा सामग्री और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। इतना ही नहीं, चोरों ने उसी रात गांव के दो अन्य मकानों के भी ताले तोड़ने का प्रयास किया।हालांकि वहां चोरी की वारदात सफल नहीं हो सकी। एक ही रात में तीन घरों को निशाना बनाए जाने से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर बिछिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा संदिग्धों की तलाश में जुट गई हैजानकारी के अनुसार, पीड़ित संजय मिश्रा मूल रूप से गोविंदगढ़ क्षेत्र के अमिलकी गांव के निवासी हैं और वर्तमान में बड़ी जोरी में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री घर में ताला लगाकर अपने दादा-दादी से मिलने अमिलकी गई हुई थी। इसी दौरान चोरों ने सूने मकान को निशाना बना लिया। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर घर का ताला टूटा होने की सूचना दी। परिवार जब मौके पर पहुंचा तो घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला और अंदर का पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। अलमारियां खुली हुई थीं और कीमती सामान गायब थाचोरों ने घर में रखे कीमती सामान के साथ-साथ पूजा स्थल को भी नहीं छोड़ा। घर के मंदिर से भगवान श्री गणेश की चांदी की प्रतिमा, चांदी का कलश, पूजा की प्लेट सहित धार्मिक उपयोग की कई चांदी की वस्तुएं चोरी कर ली गईं।पीड़ित परिवार के अनुसार चोर अपने साथ दो सोने की अंगूठियां, सोने के अन्य आभूषण, चांदी की गणेश प्रतिमा, चांदी की प्लेट, चांदी का कलश, लगभग 25 जोड़ी चांदी की पायल, 10 जोड़ी बिछिया, चांदी का नारियल, चांदी की सुपारी, चांदी के सिक्के तथा घर में रखी करीब 20 हजार रुपये की नकदी लेकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने गांव में एक ही रात के दौरान तीन अलग-अलग मकानों के ताले तोड़े। हालांकि दो मकानों में चोरी की वारदात सफल नहीं हो सकी, घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### जिले की दो सहकारी समितियों की सदस्यता सूची का कार्यक्रम तय

रीवा । मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन पदाधिकारी संजय गुप्ता द्वारा रीवा जिले की दो सहकारी समितियों के सदस्यता सूची निर्माण के लिए कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें बेलहा बाबा मछुआ सहकारी समिति तिलखन जिला रीवा तथा ज्योति मछुआ सहकारी संस्था नरसिंहपुर जिला रीवा शामिल हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति के संचालक मंडल की सदस्यता सूची 20 जुलाई को प्रकाशित की जाएगी। सदस्यता सूची के संबंध में दावे-आपत्तियाँ 27 जुलाई तक उपायुक्त सहकारिता कार्यालय शिल्पी प्लाजा ए ब्लॉक में दर्ज की जा सकती हैं। दावे-आपत्तियों का निराकरण करके रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 28 जुलाई को सदस्यता सूची प्रकाशित करेंगे।

## 700 बच्चों की पढ़ाई पर मंडराया खतरा: जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत 8 माह से फाइलों में कैद

### 25 लाख की तकनीकी स्वीकृति के बाद भी काम शुरू नहीं



**रीवा**। जिले के गंगेव जनपद अंतर्गत स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिनौती एक बार फिर अव्यवस्थाओं के कारण चर्चा में है। विद्यालय के कई भवन लंबे समय से जर्जर और क्षतिग्रस्त हैं, लेकिन मरम्मत और निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इन्हीं भवनों के बीच कक्षा 1 से 12 तक के करीब 700 छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। ऐसे में किसी भी अप्रिय घटना की आशंका को लेकर अभिभावकों, शिक्षकों और ग्रामीणों में गहरी चिंता व्याप्त है। सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी ने विद्यालय परिसर पहुंचकर प्राचार्य, पालक-शिक्षक से बातचीत की बातचीत में विद्यालय की बदहाल स्थिति, जर्जर भवनों और लंबित निर्माण कार्य को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान यह भी सामने आया कि विद्यालय प्रबंधन लंबे समय से संबंधित विभागों और अधिकारियों को पत्राचार कर स्थिति से अवगत कराता रहा है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। वही विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडेय ने बताया कि क्षतिग्रस्त भवनों के संबंध में शासन के निर्देशानुसार नियमित रूप से सभी जानकारियां भेजी जाती रही हैं। अधोसंरचना संबंधी विवरण, गूगल शीट, गूगल मीट सहित विभिन्न माध्यमों से विभागीय अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर से लिखित प्रस्ताव पंचायत विभाग, सरपंच तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद अब तक न तो मरम्मत कार्य प्रारंभ हो सका है और न ही नए निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल दिखाई दे रही है। हाल ही में संभागायुक्त एवं कलेक्टर द्वारा जिले के सभी जर्जर विद्यालय भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद हिनौती विद्यालय में छात्र जोखिम के बीच पढ़ाई करने को विवश हैं।

### 25 लाख की तकनीकी स्वीकृति मिली, लेकिन प्रशासकीय मंजूरी नहीं

ग्राम पंचायत सेदहा की सरपंच श्रीमती पूनम सिंह ने बताया कि ग्रामसभा के प्रस्ताव के आधार पर विद्यालय के जर्जर कमरों की मरम्मत एवं परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण के लिए पंचायत विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया था।सरपंच प्रतिनिधि पुष्पराज सिंह के अनुसार पत्र क्रमांक 1252 दिनांक 17 नवंबर 2025 के माध्यम से कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री द्वारा लगभग 25 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति भी जारी कर दी गई थी। यह कार्य जिला खनिज प्रतिष्ठान (डीएमएफ) मद से कराया जाना प्रस्तावित था।हालांकि तकनीकी स्वीकृति मिलने के लगभग आठ माह बाद भी कार्य को कार्ययोजना में शामिल नहीं किया गया है। प्रशासकीय स्वीकृति जारी नहीं होने और फंड उपलब्ध न होने के कारण निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है।

## तेज धमाकों और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले जप्त मॉडिफाइड साइलेंसरों पर चला बुलडोजर, 130 किए गए नष्ट यातायात पुलिस ने सिविल लाइन थाने के सामने की कार्रवाई



**रीवा**। शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज धमाकों और गोली जैसी आवाज निकालने वाले बुलेट बाइक चालकों के खिलाफ रीवा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए बड़ा संदेश दिया है। शनिवार को सिविल लाइन थाना परिसर के सामने यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर वाहनों की जांच के दौरान जब्त किए गए करीब 130 मॉडिफाइड साइलेंसरों को बुलडोजर से कुचलकर नष्ट कर दिया। यातायात सूबेदार अखिलेश कुशवाहा ने बताया कि लंबे समय से शहर में कुछ युवक बुलेट मोटरसाइकिलों में अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज धमाकेदार आवाज निकालते हुए सड़कों पर वाहन चला रहे थे। इससे न केवल आम नागरिकों, बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को परेशानी होती थी, बल्कि ध्वनि प्रदूषण भी लगातार बढ़ रहा था। शिकायतों के बाद पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें बड़ी संख्या में ऐसे वाहन पकड़े गए और उनके मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त किए गए।शनिवार को इन्हीं जब्त किए गए साइलेंसरों को सिविल लाइन थाने के सामने सार्वजनिक रूप से बुलडोजर चलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों और वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहनों में किसी भी प्रकार के अवैध संशोधन नहीं कराने की समझाइश भी दी गई। कार्रवाई के दौरान कई बुलेट मोटरसाइकिलों की मौके पर जांच की गई। जिन वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर लगे पाए गए, उनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए साइलेंसर हटवाए गए और चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में दोबारा ऐसा पाए जाने पर और अधिक कठोर कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस ने बताया कि यह अभियान केवल नियमों का पालन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य लोगों को ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना भी है। जिस प्रकार पुलिस प्रदेशभर में नशा विरोधी अभियान चलाकर नो टू ड्रग्स का संदेश दे रही है, उसी तरह मॉडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ कार्रवाई के माध्यम से भी समाज को शोर प्रदूषण से बचाने और सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है।

## मऊगंज में एसपी और कलेक्टर कार्यालय के सामने से पुलिस की गाड़ियों की बैटरियां चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल!

मऊगंज




जिले में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें न कानून का भय दिखाई देता है और न ही पुलिस की मौजूदगी का। बीती रात हुई एक घटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिले के सबसे संवेदनशील और सुरक्षित माने जाने वाले प्रशासनिक परिसर में, जहां नीचे कलेक्ट्रेट कार्यालय और ऊपर पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय संचालित होता है, वहीं खड़ी सरकारी पुलिस गाड़ियों से अज्ञात चोर बैटरियां निकालकर फरार हो गए।जानकारी के अनुसार, रात के अंधेरे में चोरों ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के ठीक सामने खड़ी पुलिस की दो सरकारी गाड़ियों (डग्गा) की बैटरियां निकाल लीं। इतना ही नहीं, तीसरी गाड़ी को भी निशाना बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन किसी कारणवश चोर उसमें सफल नहीं हो सके। यह पूरी घटना ऐसे स्थान पर हुई, जहां सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और नियमित रात्रि गश्त होने का दावा किया जाता है। इसके बावजूद चोर बिना किसी भय के वारदात को अंजाम देकर निकल गए।सुबह जब ड्यूटी पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने सरकारी वाहनों की स्थिति देखी तो पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सरकारी वाहनों से बैटरियां गायब मिलने की सूचना तेजी से अधिकारियों तक पहुंची। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया।थाने में आवेदन, लेकिन एफआईआर दर्ज होने पर सवालसूत्रो से जानकारी यह भी सामने आई है कि एसपी कार्यालय के एक कर्मचारी द्वारा मऊगंज थाने में घटना की लिखित सूचना दी गई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक इस मामले में एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो सकी। यदि वास्तव में एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आम नागरिकों के मामलों में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा करने वाला तंत्र अपने ही मामले में विलंब क्यों कर रहा है।सीसीटीवी और रात्रि गश्त की प्रभावशीलता पर प्रश्नघटना ने जिले की सुरक्षा व्यवस्था की प्रभावशीलता पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस परिसर को सबसे सुरक्षित माना जाता है, जहां चौबीसों घंटे पुलिसकर्मियों की आवाजाही रहती है और आधुनिक निगरानी व्यवस्था होने का दावा किया जाता है, वहां से सरकारी वाहनों के पुर्जे चोरी हो जाना चिंता का विषय है।जनता का भरोसा और पुलिस की चुनौतीयह घटना केवल सरकारी बैटरियों की चोरी नहीं है, बल्कि कानून-व्यवस्था पर जनता के भरोसे की भी परीक्षा है। आम लोगों का कहना है कि यदि पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कार्यालय के सामने खड़े सरकारी वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं, तो आम नागरिक अपने घरों, दुकानों और वाहनों की सुरक्षा को लेकर कैसे निश्चिंत रहें?विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की घटनाओं में त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी जांच आवश्यक होती है। यदि घटना में किसी प्रकार की सुरक्षा चूक सामने आती है, तो उसकी भी समीक्षा की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।अब सबकी निगाह पुलिस की कार्रवाई परफिलहाल अज्ञात आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर बताए जा रहे हैं। पूरे जिले की नजर अब इस बात पर टिकी है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज, अन्य उपलब्ध साक्ष्यों और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों तक कितनी जल्दी पहुंचती है। साथ ही, यदि एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, तो उस संबंध में भी आधिकारिक स्थिति स्पष्ट होने का इंतजार है।इस घटना ने एक बार फिर यह याद दिलाया है कि अपराधी अवसर तलाशते हैं और सुरक्षा व्यवस्था की हर कमजोरी का लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। ऐसे में इस मामले की निष्पक्ष जांच और प्रभावी कार्रवाई न केवल चोरी का खुलासा करने के लिए, बल्कि जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण होगी।

## मऊगंज का दिव्यांग बेटा बिहार में संभालेगा राजस्व व्यवस्था




**मऊगंज**। जिले के मगनिया गांव के पुष्पेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल कर राजस्व अधिकारी (Revenue Officer) का पद प्राप्त किया है। उनकी सफलता न केवल विंध्य बल्कि पूरे प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। क्योंकि पर से दिव्यांग पुष्पेंद्र पैर से ठीक ढंग से ना चलने के बाद भी उन्होंने संघर्ष जारी रखा और यूपीएससी की तैयारी करने वाले पुष्पेंद्र ने बिहार में बड़ी सफलता हासिल कीक्योंकि कहा जाता है कि शारीरिक चुनौतियां अगर हौसलों के आगे छोटी पड़ जाएं, तो सफलता खुद कदम चूमती है। ऐसा ही कर दिखाया है विंध्य के दिव्यांग बेटे पुष्पेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने।पुष्पेंद्र ने बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्व अधिकारी का पद हासिल किया है। यह उपलब्धि उनके वर्षों के कठिन परिश्रम, आत्मविश्वास और संघर्ष का परिणाम है। पुष्पेंद्र के पिताजी वन विभाग में नौकरी करते हैं पुष्पेंद्र ने शुरुआती पढ़ाई रीवा से की इसके बाद उन्होंने अपना पोस्ट ग्रेजुएशन इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से किया इसके बादउनकी सफलता ने यह साबित कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत ईमानदारी से की जाए, तो कोई भी बाधा मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक सकती।आज पुष्पेंद्र चतुर्वेदी की इस उपलब्धि पर पूरे विंध्य क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिवार, मित्र और शुभचिंतक उन्हें बधाई दे रहे हैं। उनकी सफलता उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं।पुष्पेंद्र बताते हैं कि वह दिव्यांग होने के बाद भी कभी खुद को यह महसूस नहीं होने दिया कि वह दिव्यांग है वह हर वह काम करना पसंद करते हैं जो एक आम आदमी और सामान्य दिखने वाला आदमी करता है। अपनी सफलता में पुष्पेंद्र ने अपने गुरुजनों परिवार जनों को इसका श्रेय दिया है।

## उप मुख्यमंत्री ने हरिहरपुर में प्राकृतिक खेती का किया अवलोकन



रीवा । उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने हरिहरपुर में प्राकृतिक खेती के विभिन्न प्रकल्पों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राकृतिक विधि से उत्पादित विभिन्न सब्जियों हल्दी आदि के संबंध में जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से ही हमे शुद्ध अनाज और फल सब्जियां प्राप्त होंगी। इनके सेवन से हम सब स्वस्थ्य रहेंगे। गौमाता की सेवा और प्राकृतिक खेती को हम सब किसान अपनी जीवन पद्द्धति का अंग बनाये। प्राकृतिक खेती से ही माटी का भी स्वास्थ्व सुधरेगा। रासायनिक खाद और कीटनाशकों के फसलों में उपयोग से माटी को पोषक बनाने वाले सूक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते हैं। प्राकृतिक खेती से माटी में धीरे-धीरे इन जीवाणुओं का विकास होता है। इनके द्वारा मिट्टी को पोषक और मुलायम बनाया जाता है जिसके कारण मिट्टी की जलधारण क्षमता बढ़ती है। प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत है।

## रीवा-चिरमिरी-रीवा ट्रेन को झुकेही रेलवे स्टेशन पर मिला प्रायोगिक ठहराव

**जबलपुर**। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक ट्रेन का झुकेही रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव प्रदान किया गया है। यह सुविधा दिनांक 17 जुलाई 2026 से मिलने लगी हैं।

**रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का झुकेही रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव की जानकारी:-**

गाड़ी संख्या 11751 रीवा-चिरमिरी एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) ट्रेन दिनांक 17 जुलाई 2026 से झुकेही रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय रात 21:20/21:22 बजे रुकने लगी है। गाड़ी संख्या 11752 चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस त्रि-साप्ताहिक (मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार) ट्रेन दिनांक 19 जुलाई 2026 से झुकेही रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय मध्यरात्रि 01:45/01:47 बजे रहेगा। यात्रीगण रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस एवं 139 रेल मदद से गाड़ी के ठहराव की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।